मुहिम | शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने ननि मुहिम तेज, दो दिनों में 36 भिक्षुकों को दी समझाइश

# भिक्षावृत्ति छोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएं



**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने और सड़क पर जीवन बसर करने वाले लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नगर निगम द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से एक विशेष भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस सकारात्मक पहल के तहत शहर के प्रमुख चौराहों और धार्मिक स्थलों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रानीताल, गेट नंबर 4 और बाजनामठ मंदिर परिसर में अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने पुलिस के सहयोग से शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि यहाँ भिक्षावृत्ति में लिप्त कुल 20 लोगों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि मेडिकल बाजनामठ मंदिर परिसर धार्मिक क्षेत्र में आने वाले दर्शनार्थियों को असुविधा न हो और भिक्षावृत्ति पर रोक लगे, इसके लिए यहाँ से 16 भिक्षुकों को हटाया गया। टीम द्वारा सभी 36 भिक्षुकों को आत्मीयता के साथ समझाइश दी गई कि वे भिक्षावृत्ति छोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएं।

### ग्वारीघाट थाने से मिला समर्थन

इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने और नगर निगम की टीम को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह तैयार है। ग्वारीघाट पुलिस थाने के थाना प्रभारी से टीम की हुई सकारात्मक बातचीत के बाद पुलिस ने टीम को पूर्ण सुरक्षा देने की सहमति जताई है। इस अभियान को बिना किसी बाधा के पूरा करने के लिए पुलिस लाइन से विशेष तौर पर महिला कांस्टेबल और पुरुष कांस्टेबल की टीम उपलब्ध कराई जाएगी। कारवाई के दौरान एक भिक्षा देने वाले व्यक्ति पर टीम ने कार्यवाही कर थाने में एन पी आर दर्ज कराई और कहा कि अब भिक्षा देने वाले लोगों के विरुद्ध तेज गति से कार्यवाही की जाएगी।



# डीआरएम ने पुणे सुपरफास्ट का ऑन-बोर्ड निरीक्षण किया

**यात्री सुविधाओं का लिया जायजा**

**नवभारत,जबलपुर।** यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण रेल यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को जबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने वाणिज्य, विद्युत, संरक्षा एवं आरपीएफ अधिकारियों के साथ ट्रेन संख्या 20162 जबलपुर-पुणे वीकली सुपरफास्ट एक्सप्रेस का जबलपुर से इटारसी तक ऑन-बोर्ड निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोचों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता, पंखे, लाइट, विद्युत उपकरणों की कार्यशीलता, फायर सेफ्टी उपकरण, बेडरोल, कंबल तथा आपातकालीन निकास सहित सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्रेन में अनाधिकृत यात्रियों एवं संदिग्ध सामान की भी सघन जांच की गई। मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण पर विशेष जोर दिया।

### चलाया गया टिकट जांच अभियान

इस दौरान डीआरएम के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान भी चलाया गया। अभियान में बिना टिकट, अनियमित एवं अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 47 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 44,360 का रेल राजस्व वसूला गया। रेल मंडल ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए इस तरह के ऑन-बोर्ड निरीक्षण और विशेष अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## एक नजर में

### एक्सीडेंट कर होटल संचालक पर किया हमला

**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत शास्त्री ब्रिज में रविवार को बाइक चालक ने पहले होटल संचालक को टक्कर मारी इसके बाद डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार को मनस्वी बड़गैया 24 वर्ष निवासी रामपुर गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चंद्रिका टावर में उसका होटल मन्नत इन के नाम से होटल है। सुबह लगभग 5-30 बजे अपने होटल से मच्छर वाली अगरबत्ती लेने के लिये मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम एक्स 5174 से ब्लूम चौक से छोटी लाईन फाटक की तरफजा रहा था वह शास्त्री ब्रिज चढ़ रहा था तभी पीछे तरफसे एक स्पेलेंडर मोटर सायकल चालक जिसमें पीछे 2 व्यक्ति बैठे हुये थे चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर गया और हाथ पैर में चोट आयी, मोटर सायकल चलाने वाले लड़के से कहा कि कैसी गाड़ी चला रहे हो इसी बात पर मोटर सायकल चालक डंडा से हमलाकर उसके सिर में चोट पहुॅचा दी तथा भाग गया। मोटर सायकल में नम्बर प्लेट नहीं थी।

### पथ पर सड़क तक बढ़ीं झाड़ियां

**नवभारत,जबलपुर।** मदन महल से विजय नगर को जोड़ने वाले लाड़ली लक्ष्मी पथ पर बारिश के बाद झाड़ियां तेजी से बढ़कर सड़क तक पहुंच गई हैं। कई स्थानों पर झाड़ियां सड़क के हिस्से को घेर रही हैं, जिससे वाहन चालकों की दृश्यता प्रभावित हो रही है और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण झाड़ियां और घास तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन नगर निगम द्वारा अब तक उनकी कटाई नहीं कराई गई है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि झाड़ियों के कारण सामने से आने वाले वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं देते। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के उद्यान एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि लाड़ली लक्ष्मी पथ पर बढ़ी झाड़ियों की जल्द कटाई कराई जाए, ताकि सड़क की चौड़ाई पहले जैसी हो सके और आवागमन सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सके।

# कोलकाता के लिए सीधी उड़ान होगी शुरु

**नवभारत,जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए सीधी विमान सेवा शुरु होने जा रही है। एलायंस एयर की ओर से जुलाई के अंतिम सप्ताह या अगस्त की शुरुआत से यह सेवा सप्ताह में 3 दिन उपलब्ध होगी। सांसद आशीष दुबे के प्रयासों से नागरिक उड्डयन मंत्रालय की स्वीकृति के बाद इस रूट को हरी झंडी मिली है। एटीआर-72 विमान हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को अपनी सेवाएं देगा। विमान सुबह 7:05 बजे कोलकाता से चलकर 9:35 बजे जबलपुर पहुंचेगा और सुबह 10 बजे वापस कोलकाता के लिए रवाना होगा। सीधी उड़ान से महाकौशल क्षेत्र के व्यापारियों, छात्रों, मरीजों और पर्यटकों को सफर में काफी आसानी होगी। लंबी दूरी की यात्रा अब कम समय में पूरी होगी और बार-बार होने वाले स्टॉपओवर की समस्या खत्म हो जाएगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और जल्द ही टिकट बुकिंग ऑनलाइन उपलब्ध होगी।

### व्यापार पकड़ेगा रफ्तार

सीधी हवाई सेवा शुरु होने से जबलपुर के औद्योगिक और व्यापारिक माहौल को नई दिशा मिलेगी। यह कनेक्टिविटी पूर्वी भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। जबलपुर का बांग्लाभाषी समुदाय इस नई सुविधा को लेकर काफी उत्साहित है क्योंकि इससे सांस्कृतिक और व्यापारिक संपर्क और अधिक सुदृढ़ होंगे। यह सेवा इलाज और पढ़ाई के लिए कोलकाता जाने वाले लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यात्रा के समय में होने वाली बचत सीधे तौर पर क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगी। स्थानीय स्तर पर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से पर्यटन उद्योग को भी नई संजीवनी मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

# संगीत विद्यार्थियों में अनुशासन और रचनात्मकता लाता है : अपर्णा



**नवभारत, जबलपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मंडला रोड में 4 जुलाई से शुरू हुआ संगीत सप्ताह शनिवार को समाप्त हुआ। इस भव्य आयोजन की शुरुआत एकल गीत प्रतियोगिता के साथ की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन संगीत शिक्षक साजल सोनी और सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी शिल्पी बनर्जी की देखरेख में हुआ, जिसका शुभारंभ दीप जलाकर और माता सरस्वती की पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य अपर्णा चौबे ने छात्रों को संबोधित करते हुए संगीत के जरिए रचनात्मकता, अनुशासन और अच्छे चरित्र के निर्माण पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज में उप-निदेशक अनुभव मिश्रा शामिल हुए और उन्होंने एक सुंदर गीत गाकर सबका मन मोह लिया और स्कूल के इस प्रयास की तारीफ की।

### विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

पूरे सप्ताह अलग-अलग कक्षाओं के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिससे विद्यार्थियों का हौसला बढ़ा और उनकी संगीत प्रतिभा सामने आई। इस कार्यक्रम में जज के रूप में कमिनी सोनी और भूपेंद्र दुबे शामिल हुए। इस संगीत सप्ताह का समापन प्रियंका सदाना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### आदिवासी संघ ने मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** आदिवासी शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश के द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह वृन्दावन रेस्टोरेंट, शास्त्री नगर में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान समाज के 25 छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाणपत्र एवं एक हजार एक सौ रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुतियाँ दी गईं जिसमें आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम में संघ के हरी सिंह गोंड़, डॉ. एन. एस. मर्सकोले, के. एस. मरकाम, एस. पी. मरावी, एल. एल तेकाम, एस. के. प्रधान, आर. एस. मस्कोले, मुकेश वरकड़े, मुनीराम मरावी, सुरेन्द्र मरावी, गिरीश धुर्वे, रमेश धुर्वे, ब्रजमोहन मरावी, महिपाल आर्मो, मिलन बरकड़े, महेश भलावी, राजेश कुमराम एवं सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# एमपी ट्रांसको के प्रशिक्षु अभियंताओं को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के चार सहायक अभियंता प्रशिक्षुओं ने 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन पर फ्लैशओवर से प्रभावित डिस्क इंसुलेटर के रिप्लेसमेंट के लिए लिए गए शटडाउन कार्य के दौरान महत्वपूर्ण व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह व्यावहारिक प्रशिक्षण संपूर्ण मध्यप्रदेश में एमपी ट्रांसको के विभिन्न फील्ड कार्यालयों द्वारा अभियंताओं के छोटे-छोटे समूहों को दिया जा रहा है। प्रशिक्षुओं ने शटडाउन लेने की संपूर्ण प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों, वर्क परमिट व्यवस्था, लाइन को सुरक्षित रूप से आइसोलेट करने की कार्यवाही तथा कार्यस्थल पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न टूल्स की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने डिस्क इंसुलेटर बदलने की वास्तविक प्रक्रिया को निकट से देखा और ट्रांसमिशन लाइन के मेंटेनेंस कार्यों की तकनीकी बारीकियों को समझा।

### कंपनी के वरिष्ठ अभियंताओं ने दी जानकारी

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी भोपाल के कार्यपालन अभियंता रवि चौरसिया एवं सहायक अभियंता अंकित महरौलिया ने स्वयं प्रशिक्षुओं को शटडाउन प्रबंधन, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइनों के रखरखाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। विद्युत क्षेत्र के अभियंताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इस प्रकार के फील्ड प्रशिक्षण में सुरक्षा प्रक्रियाओं एवं उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षुओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक कार्य परिस्थितियों में कार्य निष्पादन की समझ विकसित करने का अवसर मिला।


क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1650

**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन तुलसी नगर भोपाल**

ईमेल- mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन-0755-2553402 फैक्स- 0755-2552406

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक-655/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग, भोपाल, दिनांक 07/07/2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 23/07/2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थित में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकता है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_492886 | तरच एनीकट के नहर में टूटे हिस्से का विशेष मरम्मत कार्य। | डिंडौरी | 3.81 |
| 2. | 2026_WRD_514914 | संभाग छिन्दवाड़ा के निर्मित बांधो की वर्षाकाल में निगरानी एवं सुरक्षा हेतु अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | छिन्दवाड़ा | 19.81 |
| | | | कुल योग | 23.62 |

जी-15539/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)


## आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनी बरगी की बेटी

**नवभारत,जबलपुर।** बरगी नगर की निवासी शैल पटेल आज ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की एक सशक्त मिसाल बन गई हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर शैल पटेल ने न केवल स्वयं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में अपने परिवार के लिए एक मजबूत सहारा भी खड़ा किया है। बरगी रिजॉर्ट के समीप संचालित शैल पटेल की चाय-नाश्ते की दुकान आज उनकी आजीविका का मुख्य आधार है। समूह की अध्यक्ष के रूप में सक्रिय शैल पटेल अपनी दुकान पर चाय, नाश्ता, चिप्स, मैगी और पैटीज जैसी सामग्री का विक्रय करती हैं। बरगी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की निकटता और सैलानियों की निरंतर आवाजाही के कारण उनका यह छोटा सा व्यवसाय अब एक सफल उद्यम का रूप ले चुका है। शैल पटेल बताती हैं कि उनके परिवार में कुल 5 सदस्य हैं और हाल ही में उनके पति के निधन के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। ऐसे कठिन समय में आजीविका मिशन की योजनाओं ने उन्हें जो संबल प्रदान किया, उसी के दम पर आज वे सम्मानजनक जीवन जी रही हैं।


**रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)** प्रवेश जारी है
GRADE A
Admission for Session 2026-27 in the University Teaching Departments (UTD)

**B.Sc.** Chemistry | Pharmaceutical Chemistry | Forensic Science
Mathematics | Information Technology | Computer Science
Botany | Zoology | Microbiology | Biochemistry | Biotechnology
Physics | Electronics | B.Sc. (Hons.) Aviation, B.Sc. (Hons.) Agriculture Admission Through Entrance Test

**B.Tech.** Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Data Science
**MBA Finance** (5 Years Integrated)
**B.C.A. | B.B.A.**
**B.Com.** Plain | Hons. | Computer
Taxation | Retail Operation
**B.Pharmacy** Admission Through DTE

**B.A.** Political Science | Public Administration | Sociology | History
International Relations | Anthropology | Rural Developments
Sanskrit Sahitya | Hindi Bhasha Vigyan | Economics | Psychology
Indian Culture | Drawing & Painting | Linguistics & Communicative | Home Science
Archaeology & Museology | Ancient Indian History Culture & Archaeology | Geography
B.S.W. | Journalism & Mass Communication | Women Studies | B.A.LL.B.(Hons.)

**B.Ed. | B.P.E.S | M.P.Ed.** Admission Through NCTE / Higher Education
**M.C.A.** Admission Through DTE
B.Lib.I.Sc | M.Lib.I.Sc | LL.M.
B.J.C. | M.J.C. | M.S.W.

B.Voc. Fashion Technology | Interior Design

**M.B.A.** Finance | HR | IT | Marketing
Admission Through DTE
Excutive | Marketing Management
Admission Through UTD Portal

**M.Sc. | M.A.** All Subject
Yoga Science
Mass Communication

P.G. Diploma Guidance & Counseling |
PGDCA | पीजी डिप्लोमा
रामचरितमानस | योगा |
Mushroom Cultivation |
Solar Energy | DIC Diploma


पहल | स्कूल बैग, कॉपिया, टिफिन बॉक्स और पानी की बोतल वितरित की जायेगी

# गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटेगी मानव अधिकार समिति




**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति ने पीड़ित मानवता यज्ञ करने का आवाहन करते हुए गरीब बच्चों बच्चियों को शिक्षण सामग्री जिसमें बस्ते, कॉपियां, कंपास, टिफिन बॉक्स एवं पानी की बोतल आदि 200 बैग बच्चों को प्रदान करने का निर्णय लिया है। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए मानवाधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पांडे ने बताया कि सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों से पहली कक्षा से लेकर पांचवी तक के गरीब छात्र-छात्राओं की उनके स्कूलों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर जबलपुर की सभी तहसीलों में कॉपियां, बस्ते आदि बांटे जाएंगे।

### सामुदायिक भवन गढ़ा में लगेगा राहत शिविर

यह कार्यक्रम 25 जुलाई को सामुदायिक भवन गढ़ा जबलपुर में एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, संतों एवं शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में समिति के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष केपी उपाध्याय, नगर अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष राकेश बेन, सुरेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री गगन मिश्रा, भूषण पटेल, अभिषेक पीटर, श्रेयस पांडे सहित राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर सतीश चंद्र ने विशेष सहयोग देने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील जबलपुर सहित प्रदेश के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से की है कि वे भी अपने स्तर पर इस तरह के कार्य करें ताकि पीड़ित मानवता यज्ञ एवं नौनिहालों को अच्छी शिक्षा मिल सके और वे शिक्षित होकर साक्षर बन सकें। इसी उद्देश्य के साथ यह कदम उठाया गया है और प्रदेश के साथ ही दूसरे प्रदेशों में भी इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे।